>

Title: Need to augment railway services in Kisanganj Parliamentary Constituency in Bihar.

श्री मोहम्मद असरारुल हक़ (किशनगंज): मैं अपने क्षेत्र की रेल समस्याओं को उठाना चाहता हूं जो कि अपेक्षित है।

किशनगंज में अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (ए.एम.यू.) की शाखा खुलने से शैक्षणिक माहौल बन गया है। यहाँ ए.एम.यू. शाखा खुल जाने से वर्तमान में तेजी से विकसित होती जा रही शहरी धारा से यह शहर और गति से जुड़ जाएगा ऐसा मेरा मानना है। किशनगंज में अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय की शाखा खुलने से वहाँ विद्यार्थियों आदि का आना जाना लगा रहता है। पोठिया, तैयबपुर और पीपरी अस्थन स्टेशनों को रेलवे स्टेशन का दर्जा दिया जाए। किशनगंज से गुजरने वाली निम्नलिखित रेलों का किशनगंज में रोका जाएः-

1. डिब्रूगढ़-अमृतसर एक्सप्रेस नं0 15933/15934
2. कामाख्या गांधी धाम एक्सप्रेस नं0 15667/15668
3. एन.जे.पी. अमृतसर कर्मभूमि एक्सप्रेस नं0 12407/12408
4. कामाख्या-मुंबई एल.टी.टी. कर्मभूमि एक्सप्रेस नं0 15611/15612
5. पूर्वी-उत्तर संपर्क क्रांति एक्सप्रेस नं0 12501/12502

निम्नलिखित रेलों को वाया ठाकुरगंज चलाया जाए और ठाकुरगंज में उनको रोका जाएः

1. कैपिटल एक्सप्रेस नं0 13245/13246
2. महानंदा एक्सप्रेस नं0 14083/14084
3. अलीपुरद्वार-सियालदह कंचनकन्या एक्सप्रेस नं0 13149/13150
4. गुवाहाटी-राँची एक्सप्रेस नं0 15661/15662

अलीगढ़ जंक्शन पर राजधानी एक्सप्रेस और सीमांचल एक्सप्रेस (क्रमशः रेल नं0 12424/12423 और 12488/12487) को रोका जाए।

सीलीगुड़ी-कटिहार फास्ट पैसेंजर नं0 55715/55716 को वाया ठाकुरगंज चलाया जाए और ठाकुरगंज में उसको रोका जाए।

एन.जे.जी.- बालुरघाट डी.एम.यू. नं. 75709/75710 का तैयबपुर और पोटिया में रोका जाए।